aglasem.com

कक्षा ११ इतिहास नोट्स

बदलती हुई सांस्कृतिक परंपराएँ



Key Notes and Important Questions with Answers

विषय - 7
बदलती हुई सांस्कृतिक परम्पराएँ

स्मरणीय तथ्य

1. 14वीं से 16वीं शताब्दी तक एक विशेष प्रकार की नगरीय संस्कृति विकसित हो रही थी।
2. इसी समय मुद्रण आविष्कार से छपी पुस्तकें दूर–दराज नगरों व देशों में बड़ी संख्या में और कम कीमत पर उपलब्ध होने लगी।
3. पुनर्जागरण (Renaissance) का शाब्दिक अर्थ पुनर्जन्म, हिन्दी पुनर्जागरण शब्द का प्रयोग किया गया।
4. इटली में सर्वप्रथम मानवतावादी विषयों इतिहास, नीति दर्शन, अलंकार शास्त्र, कविता और व्याकरण विषयों का अध्ययन आरम्भ किया।
5. मानवतावादी लोगों का तर्क था कि "मध्य युग में चर्च ने लोगों की सोच को इस तरह जकड़ कर रखा था कि यूनान और रोमन वासियों का समस्त ज्ञान उनके दिमाग से निकल चुका था।
6. वेल्जियम मूल के एन्ड्रयूज वेसेलियस (1514–1564) पादुआ विश्व विद्यालय में आयुर्विज्ञान के प्रोफेसर थे वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सूक्ष्म परीक्षणों के लिये मानव शरीर की चीर फाड़ प्रारम्भ की।
7. मानवतावाद में अच्छे व्यवहार विनम्रता से बोलने पहनावे और मानसिक दक्षता पर अधिक बल दिया।
8. औरतों को समाज में अपनी पहचान बनाने के लिये अधिक आर्थिक स्वायत्ता सम्पत्ति और शिक्षा मिलनी चाहिए।
9. अरबों ने प्लेटो को अफलातून और एरिस्टोटल को अरस्तु कहा था।
10. मानवता वादी मानते थे कि मनुष्य को ईश्वर ने बनाया है, लेकिन उसे अपना जीवन मुक्त रूप से चलाने की पूरी आजादी है, मनुष्य को अपनी खुशी इसी विश्व में वर्तमान में ही ढूँढ़नी चाहिए।
11. मार्टिन लूथर के समकालीन को कोपरनिकस (1473–1543) ने खोजकर बताया कि पृथ्वी सहित सारे ग्रह सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं।
12. लियोनार्डो द विन्सी एक चर्चित कलाकार था। इसकी अभिरूचि वनस्पति विज्ञान, शरीर रचना विज्ञान से लेकर गणित शास्त्र और कला तक विस्तृत थी इन्होंने ही मोना लीसा और दी लास्ट सपर जैसे चित्रों की रचना की थी।

13. जर्मन निवासी जोहानेस गुटेन बर्ग ने सबसे पहले छापे खाने का आविष्कार किया उसने सर्वप्रथम बाईबल की 150 प्रतियाँ छापी।
14. इंग्लैंड के शासकों ने रोम के पोप से सम्बन्ध तोड़कर वे इंग्लैंड के चर्च के प्रमुख बन गए थे।
15. ईसाई धर्म के अन्तर्गत मतभेद पाप स्वीकारोक्ति दस्तावेज की आलोचना, चर्च द्वारा लगाये गय नए करो का विरोध।
16. कैथोलिक चर्च ने भी अनेक सुधार किये सादे जीवन और निर्धनों की सेवा पर जोर दिया।
17. गैलीलियों इटली का एक महान वैज्ञानिक था उसने दूरबीन यन्त्र का आविष्कार किया और खगोल शास्त्र के अनेक तथ्यों और रहस्यों का पता लगाया।
18. रेशम मार्ग की खोज से इटली के नगर अनेक स्वतंत्र नगर राज्यों के समूह के रूप में अपने आप को देखने लगे।
19. निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों का उदभव।
20. बाइज़ेंटाइन साम्राज्य और इस्लामी देश तथा बारहवीं शताब्दी में मंगोलों और चीन के बीच व्यापार बढ़ने से इटली के नगरों का मुख्य रूप से पुनरूत्थान।
21. स्पेन में प्रोटैस्टेंट लोगों से संघर्ष करने के लिए इग्नेशियस लोयोला ने सन् 1540 ई. में 'सोसाइटी ऑफ जीसस' नामक संस्था का स्थापना की।

अति लघु प्रश्न (2 अंक वाले)

1. चौदहवीं शताब्दी से यूरोपीय इतिहास की जानकारी हमें किन स्रोतों से मिलती है?
2. मानवता वादी शब्द किन अध्यापकों के लिए प्रयुक्त होता था?
3. फ्लारेंस की प्रसिद्धि में किन दो लोगों का हाथ था?
4. छापे खाने का अविष्कार सर्वप्रथम कब और किसने किया था?
5. 'रेनेसाँ व्यक्ति' शब्द का प्रयोग किस के लिए किया जाता था?
6. मानवतावाद आप क्या समझते हैं।
7. पादुआ विश्वविद्यालय में आयुर्विज्ञान के प्राध्यापक कौन थे? उनके द्वारा किये गये कार्य लिखो।
8. माइकल एजेंलों किन कार्यो की वजह से अमर हो गए?
9. पाप स्वीकारोक्ति दस्तावेज क्या था?

10. मार्चिसा ईसाबेला दि इस्ते कौन थी?
11. न्यू टेस्टामेंट से क्या तात्पर्य है?
12. यथार्थवाद से क्या अभिप्राय है?

लघु प्रश्नोत्तर (4 अंक वाले)

13. पुनर्जागरण के चार प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।
14. विज्ञान और दर्शन के क्षेत्र में अरबियों के योगदान की व्याख्या कीजिए।
15. मानवता वादी विचारों के क्या अभिलक्षण थे?
16. धर्म सुधार आन्दोलन के मुख्य उद्देश्यों को वर्णित कीजिए।
17. मार्टिन लूथर कौन था? उसने पोप के विरूद्ध विद्रोह क्यों किया?
18. कोपरनिकसीय क्रान्ति क्या थी?
19. वैज्ञानिक क्रान्ति क्या थी? इसका लोगों पर क्या प्रभाव पड़ा?
20. पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं को उचित स्थान कैसे मिल सकता है?
21. मुद्रित पुस्तक उपलब्ध होने के क्या लाभ हुए?
22. पुनर्जागरण ने साहित्य को किस प्रकार प्रभावित किया था?
23. 1429 ई. से 1520 ई. के बीच कौन–कौन सी भौगोलिक खोजे हुई थी?

दीर्घ प्रश्न (8 अंक वाले)

24. चौदहवीं और सत्रहवीं शताब्दी के मध्य यूरोपीय सभ्यता में आए परिवर्तन और विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
25. इसाई धर्म के अंतर्गत वाद–विवाद क्यों हुआ और इसके क्या परिणाम हुए?
26. सोलहवीं शताब्दी में महिलाओं की स्थिति का वर्णन कीजिए।

दीर्घ प्रश्नोत्तर

24. नगरों की संख्या में वृद्धि हो रही थी। नगरीय सभ्यता का विकास हो रहा था। फ्लोरेन्स, वेनिस और रोम, कला और विद्या के केन्द्र बन गए।

    राजाओं और चर्च ने नगरों को कुछ स्वायत्ता दे दी थी। अमीर और अभिजात वर्ग कलाकारों को सहायता प्रदान करते थे। मुद्रण (छाप खाना) के आविष्कार से पुस्तकें लोगों को प्राप्त होने लगी। प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छानुसार धर्म चुन

सकता था। पुस्तकें छपने से लोगों के ज्ञान में वृद्धि होने लगी थी। भूमध्य सागर विश्व का केन्द्र है। यह विचार गलत सिद्ध हो चुका था।

25. अनावश्यक कर्म कांडों को त्यागने को कहा।

ईसाइयों को अपने पुराने धर्म ग्रन्थों के तरीकों से धर्म का पालन करने का आह्वान किया। मानव को एक मुक्त विवेकपूर्ण कर्ता माना गया। मनुष्य को अपना जीवन मुक्त रूप से चलाने की पूरी स्वतन्त्रता है। पाप स्वीकारोक्ति दस्तावेज की आलोचना की गई। बाईबिल का स्थानीय भाषा में अनुवाद होने से लोगों का पता चला कि धन लूटने वाली प्रथाएं धर्म के अनुकूल नहीं है।

चर्च द्वारा किसानों पर लगाए गए करों का विरोध किया गया। राजा भी चर्च द्वारा राज्य के कार्य में हस्तक्षेप से नाराज थे।

26. महिलाओं को कारोबार में परामर्श आदि देने का अधिकार नहीं था। दहेज का प्रबंध न होने के कारण लड़कियों को भिक्षुणी बना दिया जाता था। सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी कम थी।

व्यापारी परिवारों में महिलाओं को दुकानों को चलाने का अधिकार था। कुछ महिलाओं ने बौद्धिक रूप से रचनात्मक कार्य किये जैसे : वेनिस निवासी कसान्द्रा फेदले जो यूनानी और लातिनी भाषा की विद्धवान थी।

मंटुआ की मार्चिसा ईसाबेला दि इस्ते जिन्होंने अपने पति की अनुपस्थिति में अपने राज्य पर शासन किया।